नामांक Roll No.

Question Booklet No.

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

SS-01-Hindi (C) (D&D)

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) (CWSN) पूरक परीक्षा, 2026

हिन्दी (अनिवार्य)

समय : 4 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें ।

4) जिस प्रश्न के **अ, ब, स, द, य** भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

खण्ड – अ

1. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[10×1=10]**

i) 'आत्म परिचय' कविता के रचनाकार हैं **[1]**

अ) जयशंकर प्रसाद ब) हरिवंशराय बच्चन

स) रामधारी सिंह दिनकर द) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

ii) 'पतंग' कविता में चमकीले विशेषण किसके लिए है ? **[1]**

अ) पतंगो के लिए ब) पतंगा के लिए

स) कठोर दिशाओं के लिए द) मोटर के लिए

iii) 'बात की चूड़ी मर जाना' से कवि का क्या तात्पर्य है ? **[1]**

अ) स्पष्ट होना ब) तर्कपूर्ण होना

स) प्रभावपूर्ण होना द) प्रभावहीन होना

iv) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी किसकी कविता है ? **[1]**

अ) दया ब) परोपकार

स) वात्सल्य द) क्रूरता

v) तुलसीदास जी की सर्वश्रेष्ट रचना है **[1]**

अ) रामचरित मानस ब) सवैया

स) वाल्मिकी रामायण द) दोहावली

vi) 'भक्तिन' पाठ की लेखिका हैं **[1]**

अ) कृष्णा सोबती ब) महादेवी वर्मा

स) मीरा बाई द) सुभद्रा वर्मा

vii) बच्चों की टोली पानी दे मैया कहकर किस सेना के आने की बात कहता है ? **[1]**

अ) बाल सेना ब) राम सेना

स) वानर सेना द) इंदर सेना

viii) किस ऋतु के आने पर शिरीष महक उठता है ? [1]

अ) शीत ऋतु ब) ग्रीष्म ऋतु

स) बसंत ऋतु द) वर्षा ऋतु

ix) किसकी गर्मी बाजार से अधिक सामान खरीदने पर विवश करती हैं ? [1]

अ) मौसम की ब) दिमाग की

स) पत्नी की द) पैसे की

x) लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कौन-से पेड़ को अवधूत कहा है ? [1]

अ) नीम के पेड़ को ब) शिरीष के पेड़ को

स) पीपल के पेड़ को द) बरगद के पेड़ को

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **एक** पंक्ति में लिखिए (प्रश्न संख्या **02** से **11** तक) : **[10×1=10]**

2. हरिवंशराय बच्चन की एक रचना का नाम लिखिए। [1]

3. प्रात:कालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है ? [1]

4. भक्तिन का स्वभाव कैसा था ? [1]

5. 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के लेखक का नाम लिखिए। [1]

6. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी किस संदर्भ में लिखी गई है ? [1]

7. 'जूझ' कहानी के लेखक का नाम लिखिए। [1]

8. सिन्धु घाटी सभ्यता कैसी थी ? [1]

9. सिन्धु सभ्यता में नगर नियोजन की एक विशेषता लिखिए। [1]

10. जूझ कहानी का मुख्य पात्र कौन है ? [1]

11. सिल्वर वैडिंग कहानी किस बात पर जोर देती है ? [1]

खण्ड – ब

निर्देश : निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **[4×2=8]**

मानव जीवन का सर्वतोमुखी विकास ही शिक्षा का उद्द्देश्य है । मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियाँ अन्तर्निहित रहती हैं, शिक्षा इन्हीं शक्तियों का उद्घाटन करती है । मानवीय व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही सम्पन्न होता है । सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है, उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य की ज्ञान चेतना को ही दिया जा सकता है । मनुष्य में ज्ञान चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता है ।

12. शिक्षा का उद्देश्य क्या है ? **[2]**

13. मनुष्य की ज्ञान चेतना का विकास किससे होता है ? **[2]**

14. मानवीय शब्द में मूलशब्द एवं प्रत्यय लिखिए । **[2]**

15. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **[2]**

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **[4×2=8]**

कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला

समझो जग को न निरा सपना ।

अखिलेश्वर हैं अवलम्बन को,

नर हो, न निराश करो मन को ।

प्रभु ने तुमको कर दान किए,

सब वांछित वस्तु विधान किए

तुम प्राप्त करो उनको न अहो,

फिर है किसका वह दोष कहो ?

16. मनुष्य के जीवन का उद्देश्य क्या है ? **[2]**

17. ईश्वर ने मनुष्य को कौन-सी विशिष्ट चीज दी है ? **[2]**

18. वांछित शब्द का विलोम शब्द लिखिए । **[2]**

19. पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । **[2]**

खण्ड – स

20. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[4×1=4]**

ग्राहक और बेचक की तरह व्यवहार करते हैं । मानो दोनों एक-दूसरे को ठगने की घात में हों । एक की हानि में दूसरे का अपना लाभ दीखता है और यह बाजार का, बल्कि इतिहास का, सत्य माना जाता है ऐसे बाज़ार को बीच में लेकर लोगों में आवश्यकताओं का आदान-प्रदान नहीं होता; बल्कि शोषण होने लगता है तब कपट सफल होता है, निष्कपट शिकार होता है । ऐसे बाज़ार मानवता के लिए विडंबना है और जो ऐसे बाज़ार का पोषण करता है, जो उसका शास्त्र बना हुआ है; वह अर्थशास्त्र औंधा है ।

अ) गद्यांश में कौन एक दूसरे को ठगने की घात में लगा रहता है ? **[1]**

ब) इतिहास का सत्य क्या है ? **[1]**

स) शोषण कहाँ होने लगता है ? **[1]**

द) औंधा अर्थशस्त्र से लेखक का क्या तात्पर्य है ? **[1]**

21. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[4×1=4]**

घन, भेरी-गर्जन से सजग सुप्त अंकुर

उर में पृथ्वी के, आशाओं से

नवजीवन की, ऊँचा कर सिर,

ताक रहे हैं, ऐ विप्लव के बादल !

फिर-फिर

बार–बार गर्जन

वर्षण है मूसलधार.

हृदय थाम लेता संसार

सुन–सुन घोर वज्र हुंकार ।

अ) सुप्त अंकुर कब उगने लगते हैं ? [1]

ब) 'विप्लव के बादल' से क्या तात्पर्य है ? [1]

स) उपर्युक्त काव्यांश बादल किसका प्रतीक है ? [1]

द) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

खण्ड – द

22. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए । [4×½=2]

i) TRIBE

ii) REBATE

iii) SESSION

iv) GRANT

23. निम्नलिखित कवि/लेखकों में से किसी **एक** का परिचय लिखिए । [3]

i) उमाशंकर जोशी

ii) कुँवर नारायण

iii) जैनेन्द्र कुमार

iv) धर्मवीर भारती

24. स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपत नगर का विद्यार्थी कौशल मानकर प्रधानाचार्य महोदय को पुस्तकालय की सुचारु व्यवस्था हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । [5]

अथवा

अपने मित्र अभिषेक को स्काउट राष्ट्रपति सम्मान मिलने पर बधाई पत्र लिखिए ।

25. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए । **[5]**

i) विद्यार्थी जीवन

ii) अनुशासन का महत्त्व

iii) विद्यालय का बाल मेला

iv) वृक्षारोपण

26. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर प्रतिवेदन लिखिए । **[4]**

i) विद्यालय के शिविर पर

ii) स्वतंत्रता दिवस पर

iii) खेल दिवस पर

खण्ड – य

27. 'बात सीधी थी पर' कविता के कथ्य को समझाइए । **[4]**

अथवा

'बादल–राग' कविता नव–निर्माण की कविता है । कैसे स्पष्ट कीजिए ?

28. द्विवेदी जो ने शिरीष के माध्यम से कोलाहल व संघर्ष से भरी जीवन–स्थितियों में अविचल रहकर जिजीविषु बने रहने की सीख दी है । स्पष्ट करें । **[4]**

अथवा

जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अंबेडकर के क्या तर्क हैं ?

29. 'जूझ' कहानी में किन परिस्थितियों का उल्लेख किया गया है ? **[4]**

अथवा

सिल्वर वैडिंग कहानी में यशोधर बाबू का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

30. 'लक्ष्मण–मूर्छा और राम का विलाप' अपने शब्दों में लिखिए । **[5]**

अथवा

'बगुलों के पंख' कविता में किसका चित्रण है ? लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE